# प्रादेशिक समाचार
04.02.2026 (सुबह – 0830 बजे)

<u>मुख्य समाचार</u>

1. 48 नगर निकायों के लिए पर्चा दाखिल करने का आज अंतिम दिन, अबतक 4 हजार 3 सौ 91 प्रत्याशी कर चुके हैं नामांकन, कल नामांकन पत्रों की होगी जांच।

2. भाजपा ने राज्य निर्वाचन आयोग में झामुमो के खिलाफ आचार संहिता उल्लंघन का दर्ज कराया मामला, पार्टी के लेटर पैड पर समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा किए जाने से जुड़ा है मामला।

3. उद्योग विभाग को औद्योगिक समूहों की ओर से एक लाख 27 हजार करोड़ रुपए का मिला निवेश प्रस्ताव, लगभग साढ़े छियालिस हजार प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर होंगे सृजित।

4. राज्य सरकार ने शब–ए–बारात पर आज अवकाश किया घोषित, निर्वाचन से जुड़ी प्रक्रिया नहीं होगी प्रभावित, पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप होंगी मैट्रिक बोर्ड और इंटर की परीक्षाएं।

5. सैफ अंडर–19 महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के फाइनल में पहुंचने के इरादे से उतरेगी भारतीय टीम, भूटान के खिलाफ इस मैच में झारखंड की अनुष्का कुमारी पर होगी निगाहें।

**********************

राज्य में 48 नगर निकायों के हो रहे चुनाव के लिए पर्चा दाखिल करने का आज अंतिम दिन है। पूरे राज्य में अब तक 4 हजार 3 सौ 91 प्रत्याशी नामांकन कर चुके हैं। इनमें महापौर और अध्यक्ष पद के लिए तीन सौ निन्यानबे तथा पार्षद पद के लिए 3 हजार 9 सौ 92 प्रत्याशियों ने पर्चे भरे है। आज भी बड़ी संख्या में प्रत्याशियों द्वारा नामांकन किया जाएगा। वहीं, कल नामांकन पत्रों की जांच होगी। जबकि 6 फरवरी को नाम वापस लिए जा सकेंगे।

**********************

रांची नगर निगम में महापौर पद के लिए कल 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया। जबकि, 53 वार्डों के लिए 197 पर्चे दाखिल किए गए। कांग्रेस समर्थित प्रत्याशी के रूप में पर्चा दाखिल करने के बाद पूर्व महापौर रमा खलखो ने अपनी प्राथमिकताएं बताई।

वहीं, भाजपा समर्थित रोशनी खलखो आज नामांकन करेंगी। उन्होंने कहा कि जिस तरह घर परिवार संवारते हैं, वैसे ही रांची शहर को भी संवारेंगी।

**********************

भाजपा ने नगर निकाय चुनावों में झारखंड मुक्ति मोर्चा द्वारा समर्थित प्रत्याशियों की घोषणा पार्टी के लेटर पैड पर किए जाने की लिखित शिकायत राज्य निर्वाचन आयोग में दर्ज कराई है। उन्होंने आचार संहिता उल्लंघन के इस मामले में झामुमो के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने की मांग रखी। भाजपा विधि प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक सुधीर श्रीवास्तव ने कहा कि ऐसे प्रत्याशियों की उम्मीदवारी रद्द की जानी चाहिए।

**********************

राज्य सरकार को विभिन्न औद्योगिक समूहों ने एक लाख 27 हजार करोड रुपए का निवेश प्रस्ताव सौंपा है। इसमें नवीन जिंदल समूह का 70 हजार करोड़ तथा टाटा स्टील का 11 हजार करोड़ का निवेश प्रस्ताव प्रमुख रूप से शामिल है। उद्योग विभाग ने बताया कि निवेश के मिले इन प्रस्तावों से राज्य में लगभग साढ़े छियालिस हजार प्रत्यक्ष रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

**********************

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने लोगों से शुक्रवार को परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम को देखने का आग्रह किया है। एक सोशल मीडिया पोस्ट में प्रधानमंत्री ने कहा कि युवाओं के साथ बातचीत करना ऊर्जा पूर्ण रहा। उन्होंने परीक्षार्थियों से तनाव रहित होकर परीक्षाएं देने, चुनौतियों से निपटने के व्यवहारिक तरीके अपनाने, सामन्जस्य स्थापित करने और आत्मविस्वास बढाने पर जोर दिया।

**********************

राज्य सरकार ने शब ए बारात पर्व को लेकर आज कार्यपालक आदेश के तहत अवकाश घोषित किया है। कार्मिक विभाग ने अवकाश से संबंधित अधिसूचना जारी की है।
हालांकि, शब ए बारात का अवकाश घोषित होने के बाद भी  नगर निकाय चुनाव से जुड़ी सारी प्रक्रियायें और जैक  की मैट्रिक बोर्ड तथा इंटरमीडिएट परीक्षाएं पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुरूप होंगी। इसमें किसी भी प्रकार का संशोधन नहीं किया गया है ।

**********************

धनबाद में झारखंड मुक्ति मोर्चा का 54 वा स्थापना दिवस समारोह आज मनाया जाएगा। पार्टी के विधायक मथुरा प्रसाद महतो ने बताया कि गोल्फ ग्राउंड में आयोजित होने वाले इस समारोह में मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन समेत कई मंत्री, सांसद और विधायक विशेष रूप से मौजूद रहेंगे।

**********************

झारखंड कर्मचारी चयन आयोग जेएसएससी ने झारखंड उत्पाद सिपाही नियुक्ति प्रतियोगिता परीक्षा की तारीख घोषित कर दी है। लिखित परीक्षा 22 मार्च को होगी, जिसमें शारीरिक दक्षता परीक्षा में सफल हुए एक लाख से ज्यादा अभ्यर्थी शामिल होंगे।

**********************

जामताड़ा में आयोजित जनता दरबार में उपायुक्त रवि आनंद ने चालीस से अधिक लोगों की शिकायतें सुनी और उनके निष्पादन के लिए संबधित अधिकारियों को निर्देश दिए. उन्होंने कहा कि लोगों की समस्याओं का समाधान हमारी प्राथमिकता रही है।

**********************

रांची जिला प्रशासन ने भगवान बिरसा मुंडा बस टर्मिनल में खड़ी कई बसों में आग लगने की घटना की जांच शुरू कर दी है। इस सिलसिले में नगर निगम के उप प्रशासक ने बस टर्मिनल का निरीक्षण किया। अब यहां से अवैध अतिक्रमण हटाने के साथ बिजली की समुचित व्यवस्था तथा नए सीसीटीवी कैमरे लगाए जाएंगे।

**********************

बोकारो पुलिस ने जैना मोड़ फोरलेन के समीप एक ट्रक और पिकअप वैन से लगभग चार हजार लीटर अवैध शराब और 8 लाख रुपए नगद बरामद किए हैं। जिले के पुलिस अधीक्षक हरविंदर सिंह ने बताया कि इस मामले में तीन आरोपी भी गिरफ्तार हुए हैं।

**********************

भूटान में आयोजित सैफ अंडर– 19 महिला फुटबॉल प्रतियोगिता के अंतिम राउंड रोबिन मैच में आज भारत का मुकाबला मेजबान भूटान से होगा। इस मैच में सीधी जीत से भारतीय टीम का फाइनल में प्रवेश पक्का हो जाएगा। वहीं, भारतीय महिला फुटबॉल टीम का प्रतिनिधित्व  कर रही झारखंड की अनुष्का कुमारी पर सभी की निगाहें होंगी। उन्होंने इस प्रतियोगिता में अब तक शानदार खेल दिखाया है।

**********************

<u>अखबारों की सुर्खियां</u>

रांची से प्रकाशित सभी प्रमुख अखबारों ने संसद में बजट सत्र के दौरान हुए हंगामे और मुख्यमंत्री के साथ राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के प्रतिनिधिमंडल के मुलाकात की खबर को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने लिखा है– झामुमो असम और बंगाल में लड़ सकता है चुनाव।

प्रभात खबर की सुर्खी है – रिम्स में अब ओपीडी चार्ज 5 की जगह 10 रूपये होगा, कैंपस–3 का प्लान तैयार।

दैनिक जागरण ने वेजफेड के तत्कालीन एमडी जयदेव द्वारा करोड़ों रूपये के गबन की खबर को प्रमुखता से लिया है।

दैनिक भास्कर की सुर्खी है– बिना बजट के शिक्षा विभाग, 10 जिलों में हाई स्कूलों के शिक्षकों को छह माह से वेतन नहीं।

********समाप्त*************